ont>

Title: Need to improve mobile services by B.S.N.L. in Jalgaon Parliamentary constituency, Maharashtra-Laid.

श्री वाई.जी. महाजन (जलगांव): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव, महाराष्ट्र में भारत संचार निगम द्वारा मोबाइल सेवा शूरू की गयी, जिसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा।

लेकिन अभी भी मेरे संसदीय क्षेत्र की सभी तहसीलों में भारत संचार निगम लिमिटेड का मोबाइल कवरेज नहीं है। प्राइवेट मोबाइल कम्पनियों की सेवा की तुलना में बी.एस.एन.एल. की सेवा मेरे क्षेत्र में असंतोाकारी है। खुले मैदान में मोबाइल की रेंज मिलती है जो घर के अंदर नहीं मिल पाती। मुस्ताई नगर तहसील के अंतर्गत लोगों की बी.एस.एन.एल. सेवा के बारे में काफी शिकायतें हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि जलगांव संसदीय क्षेत्र में बी.एस.एन.एल की और अधिक अच्छी सेवा मुहैया कराते हुए इस क्षेत्र की सभी तहसीलों में बी.एस.एन.एल. की मोबाइल सेवा शुरू की जाये।